# जापानी कंपनी नोएडा में लगाएगी 250 करोड़ का ईवी कंपोनेंट प्लांट

लखनऊ। वैश्विक ऑटोमोटिव इनोवेशन लीडर जापानी कंपनी डेंसो कॉर्पोरेशन ने प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में मोटर जनरेटर निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 250 करोड़ के निवेश की घोषणा की है। ये मोटर जनरेटर हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों में उपयोग होने वाले अत्यंत महत्वपूर्ण पुर्जे हैं। यह घोषणा डेंसो के मुख्यालय कारिया आयची जापान में कंपनी और यूपी सरकार के प्रतिनिधिमंडल के बीच बैठक के बाद की गई।

यूपी के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने किया। वहीं, ओसाका में हो रहे वर्ल्ड एक्सपो 2025 में निवेश व तकनीकी संभावनाएं तलाश रहे प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वित्त मंत्री सुरेश खन्ना कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने कई जापानी कंपनियों और अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने ओसाका प्रांत की असेंबली के उपाध्यक्ष कीडा काओरू और अध्यक्ष किंजों कतसुनोरी से बात की।

चर्चा के मुख्य विषयों में औद्योगिक सहयोग, तकनीकी आदान प्रदान और युवा कौशल विकास प्रमुख रहे। इसमें यूपी की कुशल जनशक्ति और जनसांख्यिकीय क्षमता को प्रमुखता से पेश किया गया। ब्यूरो



प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार के साथ जापानी कंपनी के प्रतिनिधि।